लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया 10:02 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 230, पृष्ठ 16, मूल्यः 6 रुपये

बरेली, बुधवार, 5 जुलाई 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 09 TOP

भरोसे की बदौलत 50 से ओपीडी 22 सौ से अधिक पहुंची

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज ने मंगलवार को 22वां स्थापना दिवस मनाया। संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने बेहतर काम करने वाले डाक्टरों को विशेष प्रशंसापत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि चार जुलाई वर्ष 2002 में 50 लोगों की ओपीडी से शुरू हुए इस हास्पिटल में अब 2200 से ज्यादा मरीज देखे जा रहे हैं। उन्होंने 10 चिकित्सकों को प्रमोशन लेटर प्रदान किए। एक वर्ष में राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय कांफ्रेंस के लिए पांच विभागों, विशेष उपलब्धियों के लिए 12 चिकित्सकों और वार्ड मैनेजमेंट के लिए तीन चिकित्सकों को विशेष प्रशंसापत्र दिए। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने दावा किया कि पत्रिका इंडिया टुडे ने देश भर के सात सौ मेडिकल कॉलेजों की रैंकिंग में संस्थान को 38वां स्थान दिया है। डॉ .एमएस बुटोला, डॉ.आरपी सिंह, डॉ. सीएम चतुर्वेदी, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, ऋचा मूर्ति, अंबिका मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ . निर्मल यादव, डॉ . प्रभाकर गुप्ता, डॉ . अनुज, डॉ . रिंटू चतुर्वेदी, डॉ . सुरभि चंद्रा मौजूद रहीं।

परिवार के साथ पूजन में भाग लेते एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति।